**Regarding development in health facilities at Polyclinic and Military Hospital at Fatehgarh in Farrukhabad Parliamentary Constituency**

**श्री मुकेश राजपूत (फर्रूखाबाद) :** सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं ।

महोदय, आज मैं इस सदन के माध्यम से देश के यशस्वी रक्षा मंत्री जी का ध्यान एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूं ।

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र फर्रूखाबाद के फतेहगढ़ में सेना के दो रेजिमेंट सेंटर्स स्थित हैं, एक राजपूत रेजिमेंट है और दूसरा सिखलाई रेजिमेंट है । ? (व्यवधान) यहां पूर्व सैनिकों के उपचार के लिए एकमात्र पूर्व सैनिक पोली क्लीनिक स्थित है, जिसमें मात्र प्राथमिक उपचार की व्यवस्था है । वहां भर्ती की समुचित व्यवस्था न होने के कारण पूर्व सैनिकों को तत्काल उपचार की आवश्यकता होने पर उन्हें आगरा, लखनऊ, कानपुर, आदि जगह रेफर कर दिया जाता है, जो जनपद से लगभग 200 किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैं ।

महोदय, कभी-कभी इलाज के अभाव में उन्हें जान भी गंवानी पड़ती है । यहां पर एक छोटा सा मिलिट्री हॉस्पिटल है, जिसमें हृदय रोग, नाक, कान, गला, आंख सम्बन्धी चिकित्सक नहीं हैं एवं चिकित्सा सुविधाएं भी नहीं हैं । यहां पर सीटी स्कैन और एमआरआई जैसी टेस्टिंग की कोई व्यवस्था भी नहीं है । फर्रूखाबाद में ईसीएचएस को कवर करने वाला कोई सिविल अस्पताल नहीं है । जनपद फर्रूखाबाद में बहुत बड़ी संख्या में भारतीय सेना में बहुत से नौजवान हमारे देश के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और बहुत से जवान शहीद भी हुए हैं । हमें उन पर गर्व है । हमारे जनपद में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक भी रहते हैं । उनके परिवारों को आए-दिन इलाज की आवश्यकता पड़ने पर फतेहगढ़ कैंट स्थित पोली क्लीनिक जाना पड़ता है, जिसमें इलाज की समुचित व्यवस्था न होने के कारण उन्हें व उनके परिजनों को काफी कठिनाइयां होती हैं । मेरा आपके माध्यम से माननीय रक्षा मंत्री जी से आग्रह है कि फतेहगढ़ कैंट स्थित, जहां दो रेजीमेंट्स हैं, वहां पोली क्लीनिक एवं मिलिट्री हॉस्पिटल में उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं विकसित कराने कष्ट करें, जिससे जनपद के सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों का इलाज व्यवस्थित तरीके से हो सके । बहुत-बहुत धन्यवाद ।